कार्यालय– प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक खनन गौला, हल्द्वानी

उत्तराखण्ड वन विकास निगम,खनन प्रभाग–हल्द्वानी (नैनीताल)।

निकट– आदित्य बैंकट हॉल, गैस गोदाम रोड कुसुम खेड़ा हल्द्वानी (नैनीताल)। e-mail : ukhld@yahoo.in

निविदा आमन्त्रण सूचनाः–

क्षेत्रीय प्रबन्धक(कु0क्षे0) उत्तराखण्ड वन विकास निगम हल्द्वानी की पत्र सं0–1286 / अनुपालन आख्या 2023–24 / 11 जुलाई 2023 के अनुपालन में उत्तराखण्ड वन विकास निगम हल्द्वानी के अन्तर्गत गौला नदी में उपखनिज संक्रियायें संचालित करने हेतु निम्नलिखित कार्य करने के लिये स्पीड पोस्ट / कोरियर के माध्यम से प्रतिष्ठित / अनुभवी कम्पनी / संस्थान के सील बन्द निविदा दिनांक 02.08.2023 के सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की गई है, जिसको दिनांक 03.08.2023 को अपराहन 2:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधिकृत समिति द्वारा खोला जायेगा। जिसका विवरण निम्नांकित हैः–

S. NO.	Description of Work	Name of Projects
1	Sealed Tenders are invited from reputed/experienced agencies having NABL / NABET accredited laboratory for preparation and submission of six monthly compliance report w.r.t. the conditions stipulated in environment clearance. Detail of tender notice can be download from UAFDC website http://www.uafdc.in	Gaula Rivers 1473 Ha. For the period of 2023-24 to 2026-27

नियम एवं शर्तेः–

1. कम्पनी के अधिनियम 1956 के अनुसार एजेन्सी भारत में एक पंजीकृत फर्म होनी चाहिए।(पंजीकरण की प्रति संलग्न होना चाहिए)।
2. नविदा फार्म का शुल्क ₹590.00 (रूपया पांच सौ नब्बे मात्र) जी0एस0टी0 सहित का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा निविदा प्रपत्र में निविदा भर कर देनी होगी। निविदा लिफाफें के उपर बड़े अक्षरो में "ई0सी0कम्प्लाइन्स हेतु निविदा" लिखा जाना अनिवार्य होगा।
3. आवेदक एजेन्सी के पास एन0ए0बी0एल0 / एन0ए0बी0ई0टी0(NABL / NABET) से मान्यता प्राप्त होनी चाहिए। प्रयोगशाला में कार्य की प्रति संलग्न होनी चाहिए।
4. एजेन्सी को न्यूनतम 04 वर्षो में समान कार्य अनुभव होना चाहिए। (अनुभव की कॉपी संलग्न होनी चाहिए)।
5. निविदा में दी गई दरें समस्त कर एवं जी0एस0टी0 सहित होनी चाहिए उक्त दरों में कर / जी0एस0टी0 की दर सरकार द्वारा बढ़ाये जाने पर बढ़ाई गई धनराशि का भुगतान निविदादात्ता को करना होगा। उत्तराखण्ड वन विकास निगम इसके लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
6. कम्पनी / फर्म के पैन संख्या / जी0एस0टी0 की प्रमाणित छायाप्रतियां निविदा के साथ संलग्न होनी चाहिए। श्रोत पर आयकर की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
7. उद्धत दरें पूरे अनुबन्ध अवधि के लिए वैध रहेंगी।
8. निविदा दिनांक 02.08.2023 को सायं 5:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे तथा दिनांक 03.08.2023 को अपराहन 02:00 बजे नामित समिति द्वारा खोले जायेंगे।
9. न्यूनत्तम निविदादात्ता को ₹20,000.00 (रूपया बीस हजार मात्र) बतौर जमानत धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक की सावधि जमा के रूप में जमा करना होगा, जो कि प्रभागीय लौगीग प्रबन्धक, खनन गौला हल्द्वानी प्रभाग,के नाम बन्धक रहेगी। जिसे कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण होने पर वापस किया जायेगा।
10. निविदादात्ता को निविदा अपनी कम्पनी / फर्म के लेटर हैड के साथ प्रस्तुत करना होगा।
11. निर्धारित समय उपरान्त कोई भी निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
12. निविदादात्ता को पर्यावरणीय स्वीकृति में दी गई शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समयावधि में अनुपालन आख्या तैयार कर प्रस्तुत करनी होगी।
13. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर क्षेत्रीय प्रबन्धक(कु0क्षे0), उत्तराखण्ड वन विकास निगम, हल्द्वानी ऑर्बिट्रेटर होंगे।
14. अधोहस्ताक्षरी को बिना किसी कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।
15. निविदायें स्पीड पोस्ट / कोरियर से ही स्वीकार की जायेगी, अन्य माध्यम से निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।
16. निविदायें निर्धारित प्रारूप में ही प्रस्तुत करनी होंगी।

हस्ताक्षर आवेदक

प्रभागीय लौगिंग प्रबन्धक
खनन गौला, हल्द्वानी प्रभाग,
उत्तराखण्ड वन विकास निगम,
हल्द्वानी (नैनीताल)।

निविदा फार्म (शुल्क ₹590.00 जी0एस0टी0 सहित)

नदी का नाम - ....

निविदादात्ता/फर्म का नाम - ....

पूरा पता - ....

....

....

....

दूरभाष नं0 - ....

ई–मेल आई0डी0 - ....

निविदा धनराशि :-

उपखनिज क्षेत्र का नाम	निविदा धनराशि (Per six Month) (₹)	जी0एस0टी0 (₹)	कुल योग(₹)
1	2	3	4
गौला (1473.00 है0)			

जमानत धनराशि

गौला उपखनिज क्षेत्र हेतु– ....

नोटः–एजेन्सी के पास एन0ए0बी0एल0(NABL)/NABET से मान्यता प्राप्त होनी चाहिए। प्रयोगशाला में कार्य की प्रति संलग्न होनी चाहिए।

हस्ताक्षर निविदादात्ता